प्रेस नोट जनपद मुरादाबाद

श्री सतपाल अंतिल, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, मुरादाबाद के निर्देशन में अपराध व अपराधियों पर अंकुश एवं प्रभावी नियन्त्रण बनाये रखने हेतु आज दिनांक **28-05-2025** को जनपद मुरादाबाद से निम्न कार्यवाही की गयीः-

1-थाना बिलारीः- अवैध तमंचा व कारतूस के साथ 01 गिरफ्तार।

अवगत कराना है कि वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, मुरादाबाद के निर्देशानुसार, अपराध एवं अपराधियों पर प्रभावी नियंत्रण हेतु चलाये जा रहे अभियान के तहत आज दिनांक 28.05.2025 को थाना बिलारी पुलिस द्वारा **बब्लू पुत्र छतरपाल निवासी ग्राम ग्वारऊ थाना बिलारी जनपद मुरादाबाद** को 01 अवैध तमन्चा 315 बोर व 01 जिन्दा कारतूस के साथ गिरफ्तार किया गया, जिस सम्बन्ध में थाना बिलारी पर मु0अ0सं0-239/25 धारा-3/25 आर्म्स एक्ट पंजीकृत किया गया, अन्य विधिक कार्यवाही प्रचलित है।

गिरफ्तार अभियुक्तः-

बब्लू पुत्र छतरपाल निवासी ग्राम ग्वारऊ थाना बिलारी जनपद मुरादाबाद

बरामदगीः-

01 अवैध तमन्चा 315 बोर व 01 जिन्दा कारतूस

गिरफ्तार करने वाली टीमः-

उ0नि0 विनोद कुमार

हे0का0 राहुल कुमार

हे0का0 कृष्णवीर थाना बिलारी मुरादाबाद

2-थाना कटघर पुलिसः- रंगदारी वसूलने व धमकी देने के 02 अभियुक्त गिरफ्तारः-

अवगत कराना है कि दिनांक 28.04.2025 को वादी बुद्धराम उर्फ गिरीराज पुत्र गिरधारी लाल निवासी ग्राम हमीरपुर थाना अरसोरा जिला अलवर राजस्थान ने अभियुक्तगण द्वारा वादी से रंगदारी वसूलने व धमकी देने के सम्बन्ध में थाना कटघर पर तहरीर दी, तहरीर के आधार पर थाना कटघर पर मु0अ0सं0-241/2025 धारा - 126(2)/308(5)/352/351(3)/3(5), बढोत्तरी धारा 317(2) बीएनएस पंजीकृत किया गया। विवेचनात्मक कार्यवाही के क्रम में दिनांक 30.04.2025 को थाना कटघर पुलिस द्वारा अभियुक्त 1-वीरपाल पुत्र जय प्रकाश निवासी कलालखेडा उर्फ शहजाद खेडा महमूदपुर माफी थाना मैनाठेर जनपद मुरादाबाद 2-प्रशान्त पुत्र मेघराज सिंह निवासी नंगला थाना स्योहारा जनपद बिजनौर को गिरफ्तार कर भेजा गया। उक्त क्रम में आज दिनांक 28.05.2025 को उक्त प्रकरण में संलिप्त 02 अन्य अभियुक्तगण 1-सोनू पुत्र महेश निवासी लाईनपार के0 जी0के0 डिग्री कालेज के पास थाना मझौला जिला मुरादाबाद, 2-आशीष जायसवाल पुत्र सुनील जायसवाल निवासी डबल फाटक दससराय थाना कटघर जिला मुरादाबाद को गिरफ्तार किया गया, अन्य विधिक कार्यवाही प्रचलित है।

गिरफ्तार अभियुक्तः-

1-सोनू पुत्र महेश निवासी लाईनपार के0 जी0के0 डिग्री कालेज के पास थाना मझौला जिला मुरादाबाद,

2-आशीष जायसवाल पुत्र सुनील जायसवाल निवासी डबल फाटक दससराय थाना कटघर जिला मुरादाबाद

पंजीकृत अभियोगः-

मु0अ0सं0-241/2025 धारा - 126(2)/308(5)/352/351(3)/3(5) बीएनएस

गिरफ्तार करने वाली टीमः-

उ0नि0 सोमपाल सिंह

हे0का0 कुलदीप शर्मा,

हे0का0 सुरेश धामा,

का0 ललित

का0 आकाश राणा थाना कटघर, मुरादाबाद ।

3-थाना बिलारी पुलिस द्वारा 01 वारंटी को गिरफ्तार किया गया।

अवगत कराना है कि वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, मुरादाबाद के निर्देशानुसार, अपराध एवं अपराधियों पर प्रभावी नियंत्रण तथा वांछित/वारंटी की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के तहत थाना बिलारी पुलिस द्वारा वारन्टी **मौ0 रईश पुत्र अहमद हुसैन नि0 मौ0 अब्दुल्ला कस्बा व थाना बिलारी जनपद मुरादाबाद** सम्बन्धित मु0नं0 753/07 धारा 504/506 भादवि को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया।

गिरफ्तार वारंटीः-

मौ0 रईश पुत्र अहमद हुसैन नि0 मौ0 अब्दुल्ला कस्बा व थाना बिलारी जनपद मुरादाबाद

गिरफ्तार करने वाली टीम-

उ0नि0 अर्जुन सिंह,
का0 अंकित कुमार
का0 अमित कुमार

4-जनपदीय पुलिस द्वारा शांति व्यवस्था भंग करने में 27 व्यक्तियों को हिरासत में लेकर माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया।

अवगत कराना है कि वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, मुरादाबाद के निर्देशानुसार अपराध नियंत्रण, कानून एवं शान्ति व्यवस्था को सुदृढ़ बनाये रखने हेतु चलाये जा रहे अभियान के अन्तर्गत जनपदीय पुलिस द्वारा 27 व्यक्तियों को संज्ञेय अपराध कारित करने से रोकने एवं परिशान्ति कायम रखने हेतु अन्तर्गत धारा-170/126/135 भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता-2023 में हिरासत में लेकर माननीय न्यायालय भेजा गया।

थाना नागफनी-02, थाना कटघर-05, थाना सिविल लाईन्स-01, थाना मझोला-06, थाना पाकबड़ा-01,थाना छजलैट-03, थाना ठाकुरद्वारा-05, थाना बिलारी-04,